दिनांक : 04.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय की यात्रा साहस से भरी।
- प्रदेश के हजारों बच्चों के खातों में आज लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे मुख्यमंत्री।
- विश्व चैंपियन डी. गुकेश कुमार ने विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन को हराया।
- प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। कई जिलों में आज अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी।

पीएम मोदी- त्रिनाद और टौबागो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय की यात्रा साहस से भरी है। त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनके पूर्वज केवल प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री कल रात अपने पांच देशों के दौरे के दूसरे चरण के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। हवाई अड्डे पर त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की यह उनकी पहली यात्रा है और 1999 के बाद से प्रधानमंत्री स्तर की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के अगले चरण में आज अर्जेंटीना जाएंगे। वे राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। पिछले 57 वर्षों में अर्जेंटीना में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी।

मोदी सर्वोच्च नागरिक सम्मान-मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना" से सम्मानित किया जाना पूरे देश को गौरवान्वित करने वाला है। विश्व पटल पर फिर से मां भारती की जय-जयकार गूंज रही है। यह बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही हैं। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत और घाना के संबंध पहले से अधिक मजबूत हुए हैं।

ब्रिक्स - शिखर सम्मेलन

ब्राजील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने कहा है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 6 और 7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा और उसके बाद 8 जुलाई को महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री भाटिया ने कहा कि 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन सुधार, जलवायु परिवर्तन चुनौतियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा महत्वपूर्ण होगी, जहां वह ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डी सिल्वा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जिसके बाद कई महत्वपूर्ण समझौते संपन्न हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लैपटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह 11 बजे प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। इस योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि दी जाती है। इस राशि से विद्यार्थी लैपटॉप क्रय करते हैं। पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-

विकास कार्यों की सौगात

प्रदेश के अनूपपुर और सिंगरौली जिले को आज विकास की सौगात मिलने जा रही है। अनूपपुर जिले में 443.31 करोड़ रूपये लागत के 114 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा, वहीं सिंगरौली जिले को 503 करोड़ 9 लाख 19 हजार रूपये लागत के 54 विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इन विकास कार्यों की सौगात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं अनुपपुर और सिंगरौली जाकर देंगे। श्री यादव अनूपपुर जिले के कोतमा में आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वहीं, सिंगरौली जिले में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरई में हायर सेकण्डरी स्कूल परिसर में जनजातीय और महिला सम्मेलन में भाग लेंगे।

दीक्षारंभ समारोह

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल में एक से तीन जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने बताया कि नव-प्रवेषित छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत, भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा से किया गया। छात्राओं को सभी संकायों के शैक्षणिक स्टॉफ का परिचय कराया और महाविद्यालय की सुविधाओं की जानकारी दी गई।

प्रयोगशाला इंटर्नशिप

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) की गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला द्वारा जून माह में "हेण्ड ऑन ट्रेनिंग ऑन स्पेक्ट्रॉसकॉपी मेथड  विषय पर इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदसौर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग के बी.फार्मा अंतिम वर्ष के 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।  प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेंडे ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों ने उपकरणों की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और नवाचार की बारीकियों को समझा। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए राज्य लघु वनोपज, बरखेड़ा पठानी, भोपाल ले जाया गया। महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी से निरंतर जुड़े रहने की सलाह दी।

ग्रैंड चेस टूर

विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश ने कल ग्रैंड चेस टूर सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया के रैपिड चरण के छठे दौर में, विश्व नंबर एक और पांच बार के चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। गुकेश ने  इससे पहले नॉर्वे शतरंज 2025 में कार्लसन को हराया था। लगातार पांचवीं जीत के साथ ग्रैंडमास्टर गुकेश टूर्नामेंट में 10 अंक हासिल कर एकल बढ़त बना चुके हैं। जान-क्रिज़्सटॉफ़ डूडा, वेस्ली सो के खिलाफ़ अपना मुकाबला ड्रॉ खेलकर आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। फैबियानो कारुआना ने नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 ग्रैंड शतरंज टूर का तीसरा आयोजन है। इससे पहले गुकेश ने पांचवें दौर में हमवतन प्रज्ञानंदा को हराकर कार्लसन, सो और डूडा के खिलाफ बढ़त हासिल की थी।

मौसम अलर्ट

प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में पानी बरस रहा है। कल सुबह से शाम तक रीवा में 23 मिलीमीटर, बालाघाट में 14, मंडला में 16, खजुराहो में 21, जबलपुर में चार, दमोह में नौ, शिवपुरी में 12, दतिया में 19 और भोपाल में 1 मिली मीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में अति भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। डिंडोरी, कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट जिलों के लिए अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। करीब दो दर्जन से अधिक जिलों में भारी से लेकर मध्यम बारिश तक का अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में...

- खंडवा जिले में 31 मार्च 2025 की स्थिति में आकस्मिक रूप से रिक्त हुए पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों के पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन आयोजित किया जाना है। इस संबंध में निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है।
- आगरमालवा जिले में जनसुनवाई में प्राप्त भूमि विवाद के आवेदनों पर कार्रवाई हेतु शिविर आज सुबह 11ः00 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगा।
- प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप झाबुआ जिला प्रशासन द्वारा मानसून सीजन में सर्पदंश (सांप काटने) की घटनाओं को देखते हुए जनहित में एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की गई है। जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।
- यूनेस्को द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में 1 से 6 जुलाई तक नर्मदापुरम जिले की सभी सहकारी सोसाइटियों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

- प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत धार जिले के 1954 विद्यार्थियों को आज लैपटॉप के लिए राशि मिलेगी।
- मंडला जिले के घुघरी विकासखंड स्थित निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप को तहसीलदार घुघरी चंद्रकुमार वट्टी ने सील कर दिया। यह कार्यवाही पेट्रोल के स्टॉक में भारी अंतर पाए जाने के बाद की गई।

-------